**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2934**
दिनांक 17 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

**आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण**

**2934. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' :**
**श्री निहाल चन्द चौहान :**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार ने विगत दो वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और अधिक आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) आज की तिथि के अनुसार देश भर में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने आंगनवाड़ी केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है;
(ग) केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र को अपना भवन उपलबध कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(घ) क्या केंद्र सरकार देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर शहरों में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण पर विचार कर रही है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : नए आंगनवाड़ी केंद्र खोले जाने के लिए कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वर्तमान में, कुल 7074 परियोजनाएं और 14 लाख अनुमोदित आंगनवाड़ी केंद्र हैं।

(ख) : सरकार के स्वामित्व वाले भवनों, सामुदायिक भवनों और किराए के भवनों में कार्य कर रहे क्रियाशील आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या वाला विवरण अनुलग्नक में उपलब्ध है।
(ग) से (ड.) : वित्त वर्ष 2025-26 को समाप्त 5 वर्ष की अवधि के लिए मनरेगा के साथ अभिसरण के तहत कुल 50,000 आंगनवाड़ी केंद्र(प्रति वर्ष 10 हजार आंगनवाड़ी केंद्र की दर से) निर्माण किया जाना है। जमीनी स्तर पर आंगनवाड़ी सेवा के प्रभावशाली कार्यान्वियन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ निरंतर जुड़ाव के भाग के तौर पर कमियों को दूर करने और अवसंरचना में सुधार के लिए नियमित समीक्षा बैठकें की जानी हैं। निर्माण सामग्री और मजदूरी (कुशल/अर्द्धकुशल, अकुशल) की दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मनरेगा के साथ अभिसरण के तहत आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण की लागत को प्रति आंगनवाड़ी केंद्र 12 लाख रुपये संशोधित कर दिया गया है जिसमें से 8 लाख रुपये मनरेगा के तहत प्रदान किए जाएंगे, 2 लाख रुपये 15वें वित्त आयोग कोष( कोई अन्य संयुक्त कोष) के तहत प्रदान किए जाएंगे और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रति आंगनवाड़ी केंद्र 2 लाख रुपये निर्धारित लागत साझेदारी अनुपात में केंद्रों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मध्य साझा किया जाएगा।

*****

**17.03.2023 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2934 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कार्यशील आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या जिनके लिए डेटा उपलब्ध है | सरकारी भवनों में | सामुदायिक भवनों में | किराए के भवनों में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55607 | 55607 | 21218 | 10429 | 23960 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश* | 6225 | 6225 | 5801 | 0 | 424 |
| 3 | असम | 61715 | 61715 | 41763 | 9648 | 10304 |
| 4 | बिहार | 112094 | 111468 | 26097 | 11672 | 73699 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 51586 | 51586 | 39182 | 3677 | 8727 |
| 6 | गोवा | 1262 | 1262 | 129 | 388 | 745 |
| 7 | गुजरात | 53029 | 53027 | 43161 | 2943 | 6923 |
| 8 | हरियाणा | 25962 | 25962 | 9776 | 10287 | 5899 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18925 | 18925 | 2125 | 7211 | 9589 |
| 10 | झारखंड | 38432 | 38430 | 22850 | 3355 | 12225 |
| 11 | कर्नाटक | 65911 | 65911 | 45258 | 8721 | 11932 |
| 12 | केरल | 33115 | 33115 | 23991 | 1741 | 7383 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 97135 | 97135 | 43842 | 27722 | 25571 |
| 14 | महाराष्ट्र* | 109832 | 109832 | 57760 | 21274 | 30798 |
| 15 | मणिपुर | 11510 | 11510 | 4464 | 961 | 6085 |
| 16 | मेघालय | 5896 | 5896 | 3425 | 1990 | 481 |
| 17 | मिजोरम | 2244 | 2244 | 2244 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड* | 3980 | 3980 | 3085 | 125 | 770 |
| 19 | ओडिशा | 73172 | 73172 | 47985 | 20330 | 4857 |
| 20 | पंजाब | 27304 | 27304 | 2098 | 22280 | 2926 |
| 21 | राजस्थान* | 61625 | 61625 | 25810 | 25262 | 10553 |
| 22 | सिक्किम | 1308 | 1308 | 982 | 50 | 276 |
| 23 | तमिलनाडु | 54439 | 54439 | 33453 | 13758 | 7228 |
| 24 | तेलंगाना | 35580 | 35580 | 11181 | 11973 | 12426 |
| 25 | त्रिपुरा | 9911 | 9911 | 9273 | 348 | 290 |
| 26 | उत्तर प्रदेश* | 189309 | 188982 | 41247 | 132805 | 14930 |
| 27 | उत्तराखंड* | 20048 | 20048 | 3784 | 8776 | 7488 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 119481 | 119481 | 59684 | 39046 | 20751 |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप | 719 | 719 | 128 | 398 | 193 |
| 30 | चंडीगढ़ | 450 | 450 | 157 | 57 | 236 |
| 31 | दादरा और एन हवेली और दमन और दीव | 405 | 405 | 275 | 6 | 124 |
| 32 | दिल्ली | 10755 | 10755 | 38 | 20 | 10697 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 28078 | 28078 | 830 | 0 | 27248 |
| 34 | लद्दाख* | 1140 | 1140 | 162 | 201 | 777 |
| 35 | लक्षद्वीप* | 71 | 71 | 71 | 0 | 0 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 855 | 855 | 328 | 86 | 441 |
| | **कुल ==>>** | **1389110** | **1388153** | **633657** | **397540** | **356956** |

** जून 2021 तक के आंकड़े लिए गए हैं क्योंकि एपीआईपी आंकड़े उपलब्ध नहीं है।*